पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने जनपद चित्रकूट में जिला कारागार व आंगनवाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण

राज्यपाल ने महिला कैदियों को उपहार वितरित किये

राज्यपाल द्वारा जल संरक्षण हेतु की गयी अपील

विकसित भारत हेतु युवा आगे आएं

बच्चों में सोचने की क्षमता का विकास करें
–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 20 दिसम्बर, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज जनपद चित्रकूट के एक दिवसीय भ्रमण के दौरान जिला कारागार व आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। राज्यपाल जी ने कारागार निरीक्षण के दौरान महिला बन्दियों व उनके बच्चों से वार्तालाप कर उनका कुशलक्षेम व कारागार में मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर राज्यपाल जी द्वारा राजभवन की ओर से कैदियों को गीजर, साल, बुक्स, डिजिटल बोर्ड तथा अन्य उपहार वितरित किये। उन्होंने कारागार में महिला बन्दियों हेतु सिलाई, बुनाई, अगरबत्ती निर्माण तथा अन्य कार्यों के प्रशिक्षण की भी जानकारी ली। राज्यपाल जी ने जिला कारागार भ्रमण पर राजकीय गोस्वामी तुलसीदास विद्यालय से आए छात्राओं व प्राचार्य से संवाद कर जेल भ्रमण से मिलने वाली सीख के बारे में पूछा तथा उन्हें समाज के लिए अच्छा कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

राज्यपाल जी ने जिला कारागार के पाकशाला में कैदियों को दिये जाने वाले भोजन तथा साफ–सफाई व्यवस्था का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कारागार परिसर में

योगा, मटका दौड़, रस्साकशी व अन्य परम्परागत खेलों के आयोजन व उसमें महिला कैदियों की प्रतिभागिता हेतु निर्देशित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने महिला बंदियों से भविष्य में कोई गलत कार्य नहीं करने, अच्छा व्यवहार रखने, परिवार में मिल जुलकर रहने की नसीहत दी। इस क्रम में उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से गुजरात में सक्रिय नारी अदालत का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत हेतु युवाओं को आगे आना होगा।

राज्यपाल जी ने चित्रकूट को भगवान राम की पावन भूमि बताते हुए कहा कि इस पवित्र भूमि पर किसी प्रकार की अपराध या घटनाएं न हों। उन्होंने बाल–विवाह व दहेज प्रथा पर रोक हेतु महिलाओं को प्रेरित किया तथा इस सन्दर्भ में विद्यालय, घर एवं परिवार स्तर पर बच्चों को जागरूक करने को कहा। राज्यपाल जी ने विकसित भारत में महिलाओं के सक्रिय भूमिका के बारे में भी बताया।

एक अन्य कार्यक्रम में राज्यपाल जी ने जनपद चित्रकूट के कसहाई में आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाये जाने के उद्देश्य से राजभवन व बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी के सौजन्य से 120 आंगनवाड़ी किट का वितरण किया। आवश्यक सामग्री युक्त आंगनवाड़ी किटों में बच्चों के खेलने हेतु विभिन्न प्रकार के खिलौने, झूला, साईकिल, ब्लैकबोर्ड, कुर्सियां तथा मेज आदि सामग्री वितरित की गयी। ज्ञातव्य है कि प्रदेश स्तर पर राज्यपाल जी द्वारा अब तक आंगनवाड़ी केन्द्रों हेतु 7735 किट प्रदान की जा चुकी है।

इस अवसर पर राज्यपाल जी द्वारा बच्चों को चॉकलेट वितरित किये गये। आयोजित कार्यक्रम में कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष श्री पंकज अग्रवाल ने आंगनबाड़ी केंद्र को रू0 50000 दिये। राज्यपाल जी ने आंगनबाड़ी केंद्र में सैम एवं मैम बच्चों की जानकारी, किचन का निरीक्षण व गोद भराई की रस्म की अदायगी व पोषण किट भी

वितरित की। राज्यपाल जी ने बच्चों में सोचने की क्षमता का विकास तथा उन्हें सीखने हेतु प्रेरित करने को कहा।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने कसहाई में विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा आयुष्मान कार्ड पर चर्चा करते हुए कहा कि हर पात्र को आयुष्मान कार्ड मिले। इस अवसर पर उन्होंने विकसित भारत यात्रा का अवलोकन करते हुए कैलेंडर भी वितरित किए तथा पानी की बर्बादी रोकने व जल संरक्षण हेतु महिलाओं से अपील की।

इस अवसर पर जिला अधिकारी श्री अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अमृत पाल कौर, कुलपति बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी, जनप्रतिनिधिगण आदि उपस्थित रहे।

डा0 सीमा गुप्ता– सहायक निदेशक
कृष्ण कुमार– सूचना अधिकारी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र 9454468250